मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 205 ■ मंगलवार, 5 नवंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# 19 उम्मीदवार मैदान में डटे

## 7 उम्मीदवारों ने लिया नाम वापस

## 15 दिनों का चुनावी खेल अब शुरू




- उल्हासनगर विधानसभा चुनाव में होगा दिलचस्प मुकाबला
- भारत गंगोत्री को बैट मिला चुनाव चिन्ह
- आज से चुनाव प्रचार की जोरदार शुरुआत
- आयलानी खेमे में कालानी के खबरी

**उल्हासनगर.** बुधवार 20 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए कल उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से कुल 7 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए हैं। जिस कारण अब 19 उम्मीदवार मैदान में डटे हुए हैं। चुनाव अधिकारी विजयानंद शर्मा ने कल सभी अपक्ष उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी दिए जिसमें प्रमुख उम्मीदवार राकांपा के बागी भारत गंगोत्री को बैट चुनाव चिन्ह मिला है। वहीं यह भी सस्पेंस चल रहा था कि शायद ओमी कालानी अपना नाम वापस लेंगे लेकिन उनकी पत्नी पंचम कालानी ने नाम वापस लेकर ओमी कालानी की उम्मीदवारी को तय कर लिया है साथ ही विधायक कुमार आयलानी की पत्नी मीना आयलानी व बहु आरजू आयलानी ने भी अपनी नाम वापस करके कुमार आयलानी की उम्मीदवारी पक्की कर ली है।

अब मुख्य मुकाबला इन तीनों के बीच ही देखने को मिलेगा। आज से चुनाव प्रचार की जोरदार शुरुआत होगी। शहर को केवल 15 दिनों का समय मिला है जिसमें वो तय करेंगे कि आगामी विधानसभा चुनाव में किसे मतदान करना है।

### चुनाव में अब चौके-छक्के मारेंगे भारत गंगोत्री






राकांपा से टिकट न मिलने के कारण जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद भारत राजवानी(गंगोत्री) को पार्टी हाईकमान से चुनाव में नाम पीछे लेने के लिए काफी दबाव डाला गया लेकिन उन्होंने शहर की खस्ता हालत और आयलानी-कालानी के प्रति लोगों की नाराजगी को अहमियत देते हुए लोगों की मांग पर चुनाव मैदान में डटे रहे और बैट चुनाव चिन्ह के साथ वो इस चुनाव में अकेले सबपर भारी होकर चौके-छक्के लगाने को तैयार हो गए हैं। बिना किसी राजकीय समर्थन और प्रमुख चिन्ह की बदौलत वो दिग्गजों का सामना करेंगे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली आयलानी को हराने की सुपारी



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी द्वारा मुख्यमंत्री को गद्दार कहे जाने पर जो शहर में बवाल हुआ है जिस कारण शिवसेना शिंदे गुट ने आयलानी को समर्थन न देने का भी ऐलान कर दिया है। मंत्री चव्हाण द्वारा माफी मांगने के बावजूद शिवसेना नेता गोपाल लांडगे ने रामचंदानी को बर्खास्त करने की मांग और चुनाव प्रक्रिया से दूर रहने की मांग की है। ऐसे में आयलानी की मुश्किलें अब बढ़ गई हैं क्योंकि शिंदे गुट की नाराजगी और कालानी के कुछ खबरी भी उनके खेमे में प्रवेश कर आ गए हैं जो आयलानी के पास रहकर कालानी का काम करेंगे।

### ओमी कालानी को अपनी जिद पड़ेगी भारी?



राकांपा शरद पवार द्वारा कालानी को शुरू से ही टिकट के लिए यह कहा गया था कि हम पंचम कालानी को टिकट देने के लिए तैयार हैं लेकिन तुम्हें नहीं क्योंकि तुम्हारी जनता में इमेज खराब हो चुकी है। इस बात पर पप्पू कालानी भी सहमत हो गए थे लेकिन ओमी कालानी अपनी जिद पर अड़े रहे और आखिरकार कल पंचम कालानी से नामांकन पत्र भी वापस कराया और अब स्वयं मैदान में उतरकर चुनाव लड़ेंगे। कालानी के पुराने न किए गए कार्यों से जनता पहले से ही त्रस्त हैं ऐसे में ओमी कालानी का जिद कहीं उनपर ही भारी न पड़ जाएं। यह प्रचार के दौरान पता चल जाएगा।

## अंबरनाथ में 2 निर्दलीय ने नामांकन वापस लिया

# अब 22 उम्मीदवार मैदान में

- शिवसेना विरुद्ध शिवसेना का होगा मुकाबला

⏭ यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने सोमवार को आखिरी दिन अपना नामांकन वापस ले लिया. जिसके बाद अब 24 में से 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं. नामांकन वापस लेने वालों के नाम विश्वास सदाफुले और शैलेंद्र रूपेकर हैं. शिवसेना शिंदे गट के डॉ. बालाजी किणीकर, शिवसेना उबाठा के राजेश वानखेडे का नामांकन सही पाया गया है. महाविकास आघाड़ी सहयोगी पक्ष कांग्रेस के बागी उम्मीदवार सुमेध पवार भी निर्दलीय नामांकन भरा था. उन्होंने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है. शिवसेना उबाठा के बागी जानू मानकर ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है. निर्दलीय उम्मीदवार पत्रकार सुनिल अहिरे ने राजेश वानखेडे ने प्रतिज्ञा पत्र में दिए गए कई बातों पर लिखित में आक्षेप लिया है. अहिरे ने कहा कि उबाठा के वानखेडे शत प्रतिशत डिस्क्वालीफाई होंगे, तो राजेश वानखेड़े ने कहा है कि उन्होंने कोई भी जानकारी छुपाई नहीं है. अब वह डटकर चुनाव लड़ेंगे. दूसरी ओर निर्दलीय उम्मीदवार भवार ने तीन दिनों पूर्व मनोज जरांगे से भेंट करके आशीर्वाद मांगा था, लेकिन मंगलवार को जरांगे ने कहा है कि वह चुनाव में अपना कोई भी उम्मीदवार खड़ा नहीं करेंगे. चुनाव में दो राजेश वानखेडे नाम के उम्मीदवार मैदान में है. निर्दलीय उम्मीदवारों में सुमेध भवार, सुनिल अहिरे, जानू मानकर, सुजाता गायकवाड़, संगीता गुप्ता, श्रीनिवास वाल्मीकि, राजेश असरोंडकर, राजेश वानखेडे (अपक्ष), अपर्णा जाधव, देविदास निकम, नारायण गायकवाड़ शामिल है.

# किणीकर के पास करोड़ों की संपत्ति

- चुनाव आयोग को दी जानकारी

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा से शिवसेना शिंदे के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर के पास 20 करोड़ 8 लाख रुपए हैं और 15 करोड़ एवं 5 करोड़ की दूसरी संपत्ति है. शिक्षण डॉक्टर है, वह दांतों के डॉक्टर हैं. ऐसी जानकारी उन्होंने चुनाव आयोग को दी है. उन पर कोई भी अपराध दाखिल नहीं है.

वहीं मुरबाड विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार किसन कथोरे के पास 17 करोड़ 20 लाख रुपए हैं. 13 करोड़ और 3 करोड़ 90 लाख की दूसरी संपत्ति उनके पास है. शिक्षा दसवी पास हैं. उन पर एक अपराध दर्ज है. ऐसी जानकारी उन्होंने चुनाव आयोग को दी है.


## शिवसेना उबाठा को मनसैनिक करेंगे सहयोग -राजू पाटिल



अंबरनाथ शिवसेना उबाठा के उम्मीदवार राजेश वानखेडे को मनसे नेता एवं कल्याण ग्रामीण के मनसे विधायक और उम्मीदवार राजू पाटिल ने अंबरनाथ के एक कार्यक्रम में कहा है कि राजेश वानखेड़े उनके दोस्त हैं, वह एक दोस्त के रूप में वानखेड़े की मदद करेंगे. राजेश वानखेडे ने प्रतिक्रिया दी है कि राजू पाटिल और मनसैनिक उनके मित्र हैं और मनसैनिक गारंटी के साथ उनकी चुनाव में मदद करेंगे. राजू पाटिल ने ये भी कहा है कि आगे पक्ष का आदेश आएगा, तब देखा जाएगा. कल्याण ग्रामीण में राजू पाटिल को शिवसेना शिंदे ने कोई सहयोग नहीं किया है. वहां शिंदे के राजेश मोरे उनके खिलाफ मैदान में हैं. इस लिए मनसैनिक शिंदे गुट के खिलाफ आक्रामक हो गए हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस के बागी एवं निर्दलीय खड़े सुमेध भवार ने मनोज जरांगे से आशीर्वाद मांगा है. देखना है कि आगे होता है क्या?



# पटाखे से लगी चप्पल गोदाम में आग, लाखों का नुकसान



**उल्हासनगर.** दिवाली के बीच उल्हासनगर कैंप तीन इलाके में अनिल अशोक टॉकीज के पास चप्पल गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे नागरिकों में दहशत फैल गई. माना जा रहा है कि आग आतिशबाजी रॉकेट की वजह से लगी है। देखते ही देखते गोदाम आग की लपटों से घिर गया और जूते का सामान जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया. आग लगने की सूचना मिलते ही नागरिकों ने तुरंत फायर ब्रिगेड से संपर्क किया। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगीं। आग की लपटें फैलती रहीं तो दमकलकर्मियों ने तुरंत स्थिति पर काबू पा लिया।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग पटाखा रॉकेट के कारण लगने की बात कही जा रही है। सौभाग्य से, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि भारी आर्थिक नुकसान से गोदाम मालिक सदमे में हैं. आग लगने के सही कारण का पता जांच टीम लगा रही है.

# बीजेपी जिलाध्यक्ष के बयान पर मंत्री रविंद्र चव्हाण ने मांगी माफी

- पदाधिकारियों को सोच-समझकर बोलने की हिदायत



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में भाजपा की बैठक में जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी के 'जिन्हें गद्दार कहा जाता है, वे मुख्यमंत्री बन जाते हैं' वाले विवादित बयान से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शिवसेना ने इस बयान की कड़ी निंदा की और बीजेपी के अभियान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी. आखिरकार बीजेपी के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण ने भरी सभा माफी मांगते हुए प्रदीप रामचंदानी को फटकार लगाई है.

उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी कुमार आयलानी की सभा में बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी के विवादित बयान ने राजनीतिक माहौल में हलचल मचा दी है. उल्हासनगर में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने उनके बयान पर गुस्सा जताया और बीजेपी के अभियान का बहिष्कार करने की धमकी दी. इस विवाद ने पहले से ही तनावपूर्ण उल्हासनगर चुनाव को और गरमा दिया है।

उधर, महायुति बैठक में इस विवादित बयान पर बीजेपी के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण भी भड़क गए. उन्होंने रविवार को उल्हासनगर के टाउन हॉल में महायुति सभा में अपने भाषण में रामचंदानी के बयान के लिए माफी मांगी। सूत्रों ने कहा कि शिवसेना के बहिष्कार के रुख को गंभीरता से लेते हुए, रवींद्र चव्हाण ने रामचंदानी के कान खोले और अब से प्रदीप रामचंदानी को अभियान बैठकों से दूर रखने का फैसला किया।

उल्हासनगर सीट पर बीजेपी के मौजूदा विधायक कुमार आयलानी और एनसीपी के ओमी कलानी के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है. बीजेपी में ऐलानी के नाम की घोषणा आखिरी वक्त में की गई, जिससे अंदरुनी नाराजगी फैल गई. अब रामचंदानी के बयान से शिवसेना के असहयोग के चलते आयलानी का चुनाव और मुश्किल हो गया है. रामचंदानी के 'गद्दार' वाले बयान के बाद उल्हासनगर में शिवसैनिक आक्रामक हो गए थे. उन्होंने रामचंदानी के माफी नहीं मांगने पर कुमार आयलानी के अभियान का बहिष्कार करने की धमकी दी थी. बहिष्कार के इस रुख से भाजपा के पदाधिकारियों में बेचैनी फैल गई थी। आखिरकार रविवार को भले ही रवींद्र चव्हाण ने माफी मांग ली और विवादित स्थिति को काबू में करने की कोशिश की, लेकिन शिवसेना के कड़े रुख से अभी भी चुनावी माहौल में राजनीतिक सरगर्मी बनी हुई है.

## शिंदेसेना ने किया महायुति की बैठक का बहिष्कार

**उल्हासनगर.** भाजपा शहर जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी द्वारा एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रति की गई विवादित टिप्पणी के चलते शिंदेसेना ने रविवार की महायुति बैठक का बहिष्कार किया. इस तरह बीजेपी और शिंदेसेना के बीच विवाद चरम पर पहुंच गया है. वहीं मंत्री रवींद्र चव्हाण ने पार्टी पदाधिकारियों के दुर्व्यवहार पर भरी सभा में माफी मांगी. शनिवार को उल्हासनगर कैंप नंबर-3, रीजेंसी हॉल में भाजपा-साई पार्टी की बैठक हुई। इसमें रामचंदानी ने मुख्यमंत्री को अपशब्द कहे। इसके बाद से शिंदेसेना के पदाधिकारी आक्रामक हो गए और रामचंदानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे. शिंदेसेना के पदाधिकारी टाउन हॉल में महायुति के बैठक स्थल पर आये और रामचंदानी के खिलाफ नारे लगाये. कुमार आयलानी ने उन्हें समझाने की कोशिश की. लेकिन शिंदेसेना के अधिकारी सुनने के मूड में नहीं थे। बैठक में पूर्व सांसद जगननाथ पाटिल, नरेंद्र राजानी, जमुनादास पुरसवानी, राजेश वढ़ारिया, लाल पंजाबी मौजूद थे।

# कैम्प-4 में युवक की संदिग्ध मौत





- क्या युवक की हत्या हुई है?
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगा खुलासा
- नशे का शिकार था मृतक

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 4 के 26 सेक्शन इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिलने की घटना सामने आई है. स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि मृत युवक का नाम कुणाल है और वह हमेशा नशे की हालत में रहता था. आज कुणाल का शव संदिग्ध हालत में मिला है, जिससे इस बात पर यह कयास लगाए जा रहे है कि यह हत्या है या आकस्मिक मौत। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है. प्रारंभिक जांच के मुताबिक, कुणाल के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं, जिससे पता चलता है कि यह आकस्मिक मौत हो सकती है। हालांकि, उनकी मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अहम होगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक कुणाल की मौत का कारण उसका नशा हो सकता है, लेकिन पुलिस घटना की सभी संभावनाओं पर जांच कर रही है. यदि कुणाल की मौत आकस्मिक है, तो इससे स्थानीय लोगों में युवाओं की सुरक्षा और नशीली दवाओं की लत को लेकर चिंता बढ़ गई है। लेकिन, हत्या हुई तो बड़ी साजिश का खुलासा होने की संभावना है। फिलहाल पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मिले सभी साक्ष्यों का अध्ययन करने में जुट गए हैं. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले की दिशा स्पष्ट होगी।

# नवजात बच्ची बरामद



**उल्हासनगर.** रविवार तड़के अबिका मंदिर के पास बरामद बच्ची को सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया. बच्ची के परिजनों की तलाश आज रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे स्थानीय लोगों को अंबिका मंदिर के पास एक दिन की नवजात बच्ची मिली। स्थानीय लोगों ने तुरंत सामाजिक कार्यकर्ता संदीप डोंगरे और राकेश माने को बुलाया और उनसे बात की। स्थानीय पुलिस को सूचित करने के बाद, बच्ची को तुरंत सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया और बच्चा अच्छी स्थिति में है और उसे प्राथमिक उपचार दिया गया है और निम्नलिखित प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इस बच्ची के परिजनों की तलाश पुलिस कर रही है।

## अंबरनाथ में प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने एक महिला की जान ले ली

# विहान कारखाना गैस के कारण महिला की मौत

- कारखाना मालिक पर अपराध दर्ज करके कंपनी बंद करने की मांग

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के विमको नाका परिसर के 50 निवासियों द्वारा एक कारखाने द्वारा केमिकल मिश्रित गंदा पानी एवं जहरीले गैस के बारे में प्रदूषण नियंत्रण मंडल, प्रशासन में लिखित शिकायत करने के बावजूद इस कंपनी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से यहां की एक निवासी पांच बच्चों की माता गुलशन बानो खान (50) की गैस से दम घुटने एवं हार्ट अटैक से मौत हो गई, जिसके कारण परिसर में खलबली मच गई है. यहां के नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज खान पठान के नेतृत्व में आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं.

आश्चर्य की बात तो ये है कि 2 नवंबर को गुलशन बानो ने पत्रकारों को बताया था कि कारखाने की गैस और जहरील पानी की बदबू से उनकी सांस रुकती है, दम घुटता है और सीने में भी दर्द होता है और 2 नवंबर की रात में दम घुटने और हार्ट अटैर होने से उनकी मौत हो गई.

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज पठान ने महिला की मौत का जिम्मेदार के. टी. स्टील परिसर में बने कारखाना मालिक और प्रशासन, एमपीसीबी को ठहराते हुए कंपनी मालिक पर अपराध दर्ज करने की मांग करते हुए विहान कारखाने को तुरंद बंद करने की मांग भरा पत्र एमपीसीबी एवं पुलिस विभाग को 4 नवंबर को दिया है. फिरोज ने हमें ये भी बताया कि विहान कारक़ाने को एमपीसीबी ने बंद कराया था, फिर से भारी लेनदेन के बाद एक वर्ष के बाद ये कारखाना फिर से शुरू हुई, जिसके कारण एक महिला की मौत हो गई है. यहां पर और किसी की मौत न हो जाए, इससे पहले ही इस कारखाने को वापस बंद किया जाए नहीं तो बड़ा आंदोलन छेड़ दिया जाएगा, ऐसा खान ने कहा है.

# मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उल्हासनगर से महिला हिरासत में



**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद थाने से ही मुंबई पुलिस ने छोड़ दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। उसने सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी की है। वह अपने परिवार के साथ ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। अधिकारी ने बताया कि उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं।

पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर शनिवार को एक अज्ञात नंबर से एक संदेश आया, जिसमें धमकी दी गई कि अगर आदित्यनाथ 10 दिनों के भीतर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि खान ने ही यह संदेश भेजा था। मुंबई आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने उल्हासनगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में महिला का पता लगाया और उसे पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस अलर्ट पर है क्योंकि आदित्यनाथ 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने महाराष्ट्र आ सकते हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# साईं पार्टी ने बिना शर्त भाजपा को दिया समर्थन

- विकास व कुशल नेतृत्व को देखकर समर्थन
- भाजपा की ताकत बढ़ी- जिलाध्यक्ष
- हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है साईं पक्ष ने
- महायुति की ताकत बढ़ी



**उल्हासनगर.** शनिवार को साईं पार्टी प्रमुख जीवन इदनानी ने आगामी विधानसभा चुनाव में महायुति के उम्मीदवार कुमार आयलानी को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि शहर में हुए विकास कार्यों तथा कुशल नेतृत्व को देखते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को बिना शर्त समर्थन दिया है जिससे भाजपा की ताकत काफी बढ़ गई है। ज्ञात हो कि साईं पार्टी शहर की राजनीति में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और विकास की विचारधारा की पुरजोर समर्थक मानी जाती है। शहर में भाजपा के नेतृत्व में शहर में तमाम विकास कार्य किए गए हैं साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी विकास के लिए कार्य किए जाते हैं जिससे जीवन इदनानी प्रभावित हैं। सांई पार्टी के जीवन इदनानी का भाजपा को समर्थन देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा ने कहा कि साईं पार्टी के साथ आने से हमें शक्ति मिली है। ऐसे करोड़ों रुपए के फंड महायुति सरकार द्वारा दिए गए जिसके माध्यम से तमाम विकास कार्य हुए हैं। इस दौरान विधानसभा चुनाव प्रमुख जमनु पुरस्वानी, जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, प्रकाश माखीजा, राजेश वधारीया, आशा ईदनानी, इंद्रा उदासी, डॉ महेश गावडे, सुनील गंगवानी, मनोहर खेमचंदानी, राजू जग्यासी, लाल पंजाबी, डॉ. नाथानी समेत तमाम भाजपा व साई पक्ष के लोग उपस्थित रहे।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## दिवाली के बाद प्रदूषण

पिछले कुछ वर्षों से हवा में बढ़ते जहरीले रसायनों के चलते सांस की तकलीफ से लेकर सेहत संबंधी बहुस्तरीय समस्याएं न केवल हमारे देश, बल्कि दुनिया भर में चिंता का कारण बनी हुई हैं। आए दिन वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट और उसके बुरी तरह प्रदूषित होते जाने के मसले पर पर्यावरणविद् चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वक्त में प्रदूषण से बिगड़ते हालात को संभालना असंभव हो जाएगा। मगर इस वर्ष एक बार फिर दीपावली के मौके पर इतने पटाखे जलाए गए कि देश के कई शहरों की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में चली गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआइ 317 तक पहुंच गया। दिल्ली में पटाखों पर पाबंदी के बावजूद पूरे शहर में इसके बड़े पैमाने पर उल्लंघन के मामले सामने आए। हरियाणा और पंजाब के साथ-साथ देश के अन्य कई शहरों में भी इसी तरह की स्थिति रही। सवाल है कि तमाम शहरों-महानगरों में वायु गुणवत्ता में चिंताजनक गिरावट, इसके 'बेहद खराब' श्रेणी में जाने और उसकी वजह से होने वाली परेशानियों की अनदेखी के दुष्परिणाम किसे झेलने होंगे! हालत यह है कि इस समस्या के लगातार गहराते जाने के बावजूद न तो सरकारों को इस पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत महसूस हो रही है, न प्रदूषण और इससे उपजने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का भुक्तभोगी होने के बावजूद आम लोगों को अपने आप पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत जान पड़ती है। खासकर पर्व-त्योहारों के मौके पर लोगों को सरकारी अपीलों और नियम-कायदों का उल्लंघन करने में हिचक नहीं होती। विडंबना है कि ऐसे समय में सरकार भी सब जानते-बूझते हुए कभी आस्था के नाम पर, तो कभी किसी अन्य बहाने से इस मामले में बरती जाने वाली व्यापक लापरवाही की अनदेखी कर देती है। आखिर क्या वजह है कि हर वर्ष दीपावली के मौके पर पटाखों की वजह से वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है और अगले दिन इसका व्यापक असर देखे जाने के बावजूद लोग इसके प्रति सचेत नहीं होते, जबकि इसका खमियाजा उन्हें ही झेलना पड़ता है।

# रेवड़ी संस्कृति पर रोक लगे, जनता को चुकानी पड़ती है कीमत

कर्नाटक में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए तमाम ऐसी लोक- लुभावनी घोषणाएं की थीं, जिन्हें पूरा करना कठिन था, क्योंकि राज्य की आर्थिक-वित्तीय स्थिति ऐसा करने की अनुमति नहीं देती थी। इसके बाद भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी इन लोक-लुभावन घोषणाओं को अपनी गारंटी कहकर प्रचारित किया। हालांकि इन गारंटियों को रेवड़ियों की संज्ञा देकर आलोचना भी की गई, लेकिन कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ा। चुनाव जीतने के बाद उसने ऐसा दिखाया कि वह अपने वादे के अनुसार अपनी पांच गारंटियों को पूरा करने में समर्थ है, लेकिन अब इसमें उसे मुश्किल पेश आ रही है। इसी के चलते कुछ दिनों पहले कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा संबंधी शक्ति योजना पर नए सिरे से विचार किया जाएगा। इसका संज्ञान लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि वे वही घोषणाएं करें, जिनके लिए बजट हो और जिन्हें पूरा करना संभव हो। उन्होंने यह कहकर शिवकुमार को निशाने पर लिया कि कर्नाटक की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी पांच गारंटियां देने के मौके पर वह एक गारंटी से पीछे हटने की बात कर रहे हैं।

खरगे ने जिस तरह सार्वजनिक रूप से शिवकुमार को निशाने पर लिया, उससे कांग्रेस असहज हुई। खरगे के बयान पर शिवकुमार ने सफाई दी कि उन्होंने शक्ति योजना की समीक्षा की बात की थी, न कि उसे खत्म करने की। चूंकि खरगे भी कर्नाटक से आते हैं इसलिए हैरानी नहीं कि शिवकुमार को नापसंद करने के कारण उन्होंने उन्हें निशाने पर लिया हो। ध्यान रहे कि खरगे के बेटे कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं और शिवकुमार मुख्यमंत्री बनना चाह रहे हैं। जो भी हो, पांच गारंटियों पर खरगे और शिवकुमार के बयानों से भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिल गया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर उसे निशाने पर लिया कि अब उसे यह अहसास हो रहा है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें पूरा करना कठिन। ज्ञात हो कि वह पहले से ही रेवड़ी संस्कृति से बचने की बात कहते चले आ रहे हैं।



इसमें संदेह है कि कर्नाटक की शक्ति योजना को लेकर विवाद खड़ा हो जाने से कांग्रेस भविष्य में चुनाव जीतने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं का सहारा नहीं लेगी। इसके आसार इसलिए नहीं, क्योंकि लोकसभा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अपनी लोक-लुभावन घोषणाओं को खटाखट पूरा करने पर जोर देते रहते हैं। लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की लोक-लुभावन घोषणाओं को खटाखटा यानी आनन-फानन पूरा करने का भरोसा दिया था। चूंकि वह खुद रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, इसलिए हिमाचल प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने लोक-लुभावन घोषणाएं की थीं। उसने यहां पांच के बजाय दस गारंटियां दी थीं। यह बात और है कि दो वर्ष बाद भी हिमाचल की कांग्रेस सरकार दस में से पांच गारंटियां ही पूरी कर सकी है। इन्हें पूरा करने में भी उसे कठिनाई आ रही है और इसके चलते कर्मचारियों को समय पर वेतन देना मुश्किल हो रहा है। हैरानी नहीं कि इस सबसे बेपरवाह कांग्रेस महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में भी लोगों को लुभाने के लिए रेवड़ी संस्कृति का सहारा ले।

आज देश में कुछ ही राज्य हैं, जो आर्थिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं। समस्या यह है कि उनके साथ-साथ कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्य भी लोक-लुभावन घोषणाएं करते रहते हैं। स्थिति यह है कि जो राजनीतिक दल दूसरे दलों की लोक-लुभावन घोषणाओं की आलोचना करते हैं, वे भी चुनाव जीतने के लिए वैसी ही घोषणाएं कर देते हैं। यह ठीक है कि आर्थिक रूप से संपन्न राज्यों को लोक-लुभावन घोषणाएं करने और उन्हें पूरा करने में आसानी होती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे खुद को आर्थिक रूप से बेहतर कर रहे हैं। सच तो यह है कि वे भी अपनी आर्थिक सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं और साथ ही अन्य राज्यों में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। आज तो कुछ राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति के सहारे ही अपनी राजनीति कर रहे हैं। वे रेवड़ी संस्कृति का बचाव भी करते हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि आम आदमी पार्टी किस तरह मुफ्त बिजली-पानी देने का वादा करके अपनी राजनीति करती है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जब हम एक इंसान के रूप में इस संसार में आते हैं, तो यह हमारे लिए प्रभु के प्रेम को अनुभव करने का अवसर होता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सरकार ने ली बुजुर्गों की सुध

सरकारों के कामकाज का आकलन इस बात से भी होता है कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा आदि को लेकर कितनी व्यावहारिक और टिकाऊ योजनाएं बनाती हैं। इससे खुशहाली सूचकांक भी बेहतर होता है। इस दृष्टि से आयुष्मान भारत योजना का विस्तार सराहनीय कदम कहा जा सकता है। अभी तक यह योजना गरीब और निम्न आयवर्ग के लोगों की स्वास्थ्य देखभाल को ध्यान में रख कर चलाई जा रही थी। इसमें पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा होता है। अब इसमें सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल कर लिया गया है। बुजुर्गों के मामले में आय का कोई बंधन नहीं होगा। किसी भी वर्ग के बुजुर्ग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

इससे करीब छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों और साढ़े चार करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके तहत देश भर के चयनित अस्पतालों में इलाज कराया जा सकता है। इस योजना से संबद्ध अस्पतालों की संख्या तीस हजार से अधिक हो गई है। यह योजना इसलिए भी महत्त्वपूर्ण मानी जा रही है कि हमारे देश में वरिष्ठ नागरिकों की आबादी निरंतर बढ़ रही है और अनुमान है कि 2050 तक मौजूदा आबादी बढ़ कर दोगुनी हो जाएगी। यानी हर पांचवां व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक होगा।

इसी वर्ष स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के लिए भी आयु का बंधन हटा दिया गया था। अब सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के लोग भी स्वास्थ्य बीमा योजनाएं खरीद सकते हैं। इस तरह वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी योजनाओं का विस्तार सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर कदम कहा जा सकता है। आयुष्मान भारत योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा संबंधी हर तरह की सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध होंगी। यह इसलिए भी सकारात्मक पहल है कि हमारे देश में बहुत सारे बुजुर्ग उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं।



परिजनों की प्रताड़ना और समाज की अवहेलना से त्रस्त बुजुर्ग अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव पर अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते देखे जाते हैं। उनमें ज्यादा संख्या ऐसे लोगों की होती है, जिनके पास आमदनी का कोई जरिया नहीं होता। वे परिवार के लिए अनुपयोगी मान लिए जाते हैं। हालांकि परिजनों की उपेक्षा के खिलाफ कड़े कानून हैं, फिर भी अक्सर बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल पर उचित ध्यान नहीं दिया जाता। आयुष्मान भारत योजना के विस्तार से ऐसे लोगों को बहुत संबल मिलेगा। उन्हें इलाज संबंधी छोटी-मोटी जरूरतों के लिए भी अपने परिजनों या दयाभाव रखने वालों का मुंह नहीं जोहना पड़ेगा।

हालांकि इस योजना की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने जब दिल्ली और पश्चिम बंगाल सरकारों पर निशाना साधा, तो इन सरकारों ने प्रतिक्रिया दी कि आयुष्मान भारत योजना केवल कागजों पर सुंदर दिखती है, जबकि इन राज्यों में चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाएं व्यावहारिक धरातल पर कहीं बेहतर हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा समवर्ती सूची का विषय हैं, इसलिए इनकी सफलता में केंद्र और राज्य दोनों की बराबर संजीदगी अपेक्षित होती है।

इन्हें लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा करने की कोशिश से आखिरकार आमजन का ही नुकसान होता है। पर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि आकर्षक योजनाएं बनाने और लागू कर देने भर से उनके वास्तविक लक्ष्य तक पहुंचने का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा और निजी अस्पतालों में सरकारी योजनाओं की लूट के तथ्य उजागर हैं। स्वास्थ्य बीमा के दुरुपयोग को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी पर भी गंभीरता से ध्यान देने की दरकार है।

# रोज़ सुबह ही क्यों बांग देते हैं मुर्गे? शायद ही कभी सोची हो वजह


आपने अक्सर सुबह-सुबह उठकर मुर्गे के बांग देने की आवाज़ सुनी होती. जहां भी मुर्गे-मुर्गियां पले होते हैं, वहां ऐसा ही होता है. हमने ये

**जरा हट के**

बात सुनी भी होगी लेकिन शायद ही कभी सोचा हो कि ऐसा क्यों होता है? आज हम इसी सवाल पर बात करेंगे कि आखिर मुर्गा सुबह बांग क्यों देता है?

दरअसल मुर्गे-मुर्गियों में एक जैविक घड़ी होती है जिसे सर्केडियन रिदम कहा जाता है. यह घड़ी उनके शरीर को 24 घंटे के चक्र पर काम करने के लिए कहती है. जैसे ही सूर्योदय के समय रोशनी बदलती है, यह घड़ी सक्रिय हो जाती है और मुर्गे को बांग देने का संकेत देती है.

वहीं मुर्गे की आंखें प्रकाश के प्रति बहुत संवेदनशील होती हैं. मुर्गे- मुर्गियों की आंखें सूर्य उगते ही प्रकाश में परिवर्तन का पता लगा सकती हैं और यह उनके मस्तिष्क को बांग देने यानि चिल्लाने के लिए एक संकेत भेजती है.



इसके अलावा सुबह-सुबह बाग देना भी मुर्गों का एक सामाजिक व्यवहार है. वे अपने समूह के अन्य सदस्यों को यह बताने के लिए बुलाते हैं कि दिन शुरू हो गया है और उन्हें जागने की जरूरत है.

मुर्गे अपने क्षेत्र में मौजूद अन्य मुर्गों को सचेत करने के लिए भी आवाज लगाते हैं. सदियों से मुर्गे की बांग को समय का संकेत माना जाता रहा है. किसानों और अन्य लोगों के लिए मुर्गे की बांग दिन की शुरुआत का संकेत होती थी.

मुर्गे की आवाज़ प्राकृतिक दुनिया के जीवन चक्र का एक विशेष हिस्सा है. यह दिन और रात के चक्र को दर्शाता है और अन्य जानवरों के व्यवहार को भी प्रभावित करता है.

# भुने चने की टेस्टी मिठाई




**घर में बनी मिठाई का स्वाद बिल्कुल अलग होता है। मीठा ना खाने वाला इंसान भी इन घर की मिठाओं को खाकर खत्म कर देता है। भाई दूज के मौके पर अगर आपने किसी तरह की मिठाई नहीं बनाई है तो फटाफट ट्राई करें भुने चने से बनी टेस्टी मिठाई। नोट कर लें इसे बनाने का तरीका।**

### सामग्री

- 200 ग्राम भुना चना
- एक कप घिसा नारियल
- एक कप चीनी या शक्कर
- मनपसंद ड्राई फ्रूट्स

### बनाने की रेसिपी

सबसे पहले भुने चने को लेकर किसी कपड़े में बांधे और सारे छिलके को निकाल दें।

अब इन चनों को मिक्सर जार में बारीक पाउडर बना लें।

किसी मोटे तले के बर्तन में चने के सत्तू को लें और इसमे घिसा नारियल मिला लें।

साथ में एक कप घी डालकर धीमी आंच पर भूनें। थोड़ा भुन जाने के बाद गैस की फ्लेम को बंद कर दें। दूसरे बर्तन में एक कप चीनी लें और आधा कप पानी डालकर पकाएं। एक तार की चाशनी बन जाए तो नारियल और चने के सत्तू को मिक्स कर दें।

तेजी से चलाएं और मिक्स करके बटर पेपर पर निकाल दें। हल्का ठंडा हो जाने का इंतजार करें और चम्मच से चलाते रहें।

फिर हाथों की मदद से आटे की तरह गूंथे और लंबा रोल बनाएं।

फिर 3 इंच लंबे टुकड़े के आकार में काटकर बारीक कटे ड्राई फ्रूट्स चिपकाएं।


बस रेडी है सत्तू से रेडी टेस्टी मिठाई।



# नहाय खाय से होती है छठ महापर्व की शुरुआत

### जानिए इस व्रत में क्या करें और क्या न करें

छठ पूजा चार दिन का त्योहार है, जिसकी शुरुआत नहाय खाय के साथ होती है। इस महापर्व में छठी मैया के भक्त 36 घंटे का 'निर्जला' व्रत रखते हैं। छठ का पहला दिन नहाय खाय होता है, फिर खरना और लोहंडा और संध्या घाट सहित तीन दिनों के अनुष्ठानों के बाद त्योहार चौथे दिन उगते सूरज को सुबह के अर्घ्य के साथ समाप्त होता है। छठ के समय कुछ विशेष रीति रिवाजों और नियमों को फॉलो किया जाता है, आप भी जानिए-



### जानिए, छठ पूजा व्रत में किन बातों का ध्यान रखें

**1) पहले करें ये तैयारी-** छठ पूजा में खास अनुष्ठान किया जाता है, जिसके लिए पूजा सामग्री और प्रसाद की चीजों की व्यवस्था करें। इसके अलावा घर और आसपास के हिस्सों की अच्छी सफाई करें।

**2) प्रसाद बनाते समय इस बात का रखें ध्यान-** छठ पूजा का प्रसाद खूब सफाई के साथ बनाया जाता है। माना जाता है कि प्रसाद बनाते समय व्यक्ति को न केवल सुबह जल्दी नहाना चाहिए बल्कि पूजा वाली जगह पर जाने से पहले हाथ-पैर अच्छी तरह से धोने चाहिए। प्रसाद को नमकीन या गंदे हाथों से नहीं छूना चाहिए।

**3) नहीं खाते नमकीन चीजें-** छठ पूजा उत्सव के दौरान खरना के दिन से नमकीन चीजें खाना या छूना मना होता है। छठ के पहले दिन नहाय खाय में कद्दू-भात-चना दाल का प्रसाद बनता है, जिसे व्रतिन और परिवार के सभी सदस्य खाते हैं। इसके बाद से किसी भी नमकीन चीज को छुना या खाना मना होता है।

**4) नॉन वेज खाने से बचें-** चाहें आप छठ पूजा का व्रत नहीं कर रहे हैं, लेकिन परिवार का कोई सदस्य व्रत कर रहा है तो आपको भी नॉन वेज खाने से बचना चाहिए। व्रत के दौरान सात्विक खाना चाहिए। माना जाता है कि व्रत शुरू होने से पहले ही सात्विक खाना शुरू कर देना चाहिए।

**5) सेंधा नमक का होता है इस्तेमाल-** ज्यादातर व्रत में सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है। छठ का प्रसाद बनाने के लिए सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं तैयार किया गया खाना पूरी तरह से सात्विक होता है इसलिए इसमें प्याज और लहसुन का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

### नहाय खाय के दिन इन बातों का रखें ध्यान

- नहाए खाए से ही व्रत पवित्रता को बनाए रखना जरूरी होता है। इस दिन नहाने के बाद ही खाना पकाया जाता है और इसे ही खाया जाता है।
- व्रत का खाना बनाने के लिए नमक की जगह सेंधा नमक का इस्तेमाल करें।
- छठ के व्रती नहाय खाय के दिन सिर्फ एक बार ही खाना खाते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि आप तसल्ली से अपने खाने को खाएं।
- व्रत के पहले दिन कद्दू यानी लौकी खाई जाती है। लौकी में पानी की मात्रा भी अच्छी होती है जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती।
- नहाए खाए में चने की दाल भी बनाई जाती है। जो दूसरी दालों के मुकाबले ज्यादा शुद्ध मानी जाती है। इसे भात के साथ खाने पर एनर्जी मिलती है और पचाना भी आसान होता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा।

**वृषभ :** लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे। लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मिथुन :** मान-सम्मान मिलेगा। कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग।

**कर्क :** आज देव दर्शन के योग बनेंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृ पक्ष की चिंता दूर होगी। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। बाधा दूर होगी।

**सिंह :** आज आपका स्वास्थ्य ठीक होगा। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

**कन्या :** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी। बेचैनी रहेगी।

**तुला :** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी।

**वृश्चिक :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। कुछ आय होगी। माता को कष्ट रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु :** व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दुःसमाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। भय व भ्रम की स्थिति बन सकती है।

**मकर :** यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है।

**कुंभ :** आय में वृद्धि होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**मीन :** आज अचानक अच्छा धन लाभ होगा। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# उंगलियां चटकाने की आदत है तो जान लें क्या हो सकता है आर्थराइटिस?

थकान महसूस होने पर काफी सारे लोग हाथ और पैर की उंगलियां चटकाने लगते हैं। उंगलियों को चटकाते देखते ही घर के बड़े-बुजुर्ग तेजी से रोकते हैं। उनका मानना है कि ये आदत अच्छी नहीं है। वहीं काफी सारे लोगों को लगता है कि उंगलियां चटकाने से बुढ़ापे में दर्द हो सकता है या गठिया की दिक्कत उभरने लगेगी। लेकिन इस बारे में डॉक्टर्स से लेकर रिसर्च क्या कहती हैं, जानें।



### क्यों आती है उंगलियों से चटकने की आवाज

कभी ये सोचा है कि आखिर उंगलियों को खींचने पर चटकने की आवाज क्यों आती है। दरअसल, जब हम उंगलियों के ज्वाइंट्स को खींचते हैं तो जोड़ों के बीच के लिक्विड पदार्थ में प्रेशर कम हो जाता है और उस लिक्विड में घुली हुई गैसों में बुलबुले बन जाते। जैसे ही उंगलियों पर दबाव डाला जाता है तो ये बुलबुले फट जाते हैं और क्रैक की आवाज निकलती है। इस प्रोसेस को साइंस में कैविटेशन कहते है। जब हम उंगलियां चटकाते हैं तो इस लिक्विड में गैस को दोबारा से घुलने में कम से कम आधे घंटे का समय लगता है। इसका मतलब है कि दोबारा से उंगलियों को चटकाने के लिए कम से कम आधे घंटे का समय चाहिए होता है।

### रिसर्च में हो चुका है खुलासा

अगर आप सोचते हैं कि उंगलियां चटकाने से गठिया जैसी समस्या हो सकती है तो ये पूरी तरह से गलत है। उंगलियों तो चटकाने का गठिया या आर्थराइटिस से बिल्कुल भी संबंध नही है। मेडिकल न्यूज टुडे में छपी रिपोर्ट के मुताबिक 2011 में 215 लोगों पर स्टडी की गई। जिसमे 20 प्रतिशत लोग रोजाना उंगलियां चटकाते हैं। इस ग्रुप में करीब 18.1 प्रतिशत लोगों के हाथों में गठिया हुआ। जबकि 21.5 प्रतिशत लोगों ने उंगलियां नहीं चटकाई। इस स्टडी में नतीजा निकला कि उंगलियां चटकाने और ना चटकाने का जोखिम दोनों ही लोगों में समान है। चाहे उंगलियां चटकाए या ना चटकाएं।

### उंगलियां चटकाने से क्या होता है

**अगर बार-बार उंगलियों को चटकाया जाए तो इससे जोड़ों में सूजन आ सकती है या दर्द रहने लगता है। कई बार हाथों की पकड़ कमजोर होने लगती है। हालांकि इस बारे में कोई रिसर्च नही है लेकिन बार-बार उंगली चटकाने की आदत कई बार मानसिक समस्या का रूप ले लेती है। जिससे छुटकारा पानी के लिए डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी होता है।**

# प्रदूषण में फेफड़ों को बचा सकता है एक टुकड़ा गुड़



दिवाली के बाद से कई जगहों का प्रदूषण लेवल खूब बढ़ गया है। जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने से जुड़ी समस्याएं हो रही हैं। ऐसे में गुड़ का एक टुकड़ा आपके लिए चमतकारी साबित हो सकता है।

### सांस की समस्या वालों के लिए फायदेमंद है गुड़

ज्यादातर लोगों को दिवाली के बाद से सांस की समस्या हो रही है। ऐसा प्रदूषण के कारण हो रहा है। अगर आपको भी ये समस्या हो रही है तो रोजाना एक टुकड़ा गुड़ खाना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। यहां हम बता रहे हैं गुड़ खाने के कुछ गजब के फायदे-

### इम्यूनिटी होती है बूस्ट

गुड़ सांस के लिए अच्छा होता है और इसे खाकर इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद मिलती है। गुड़ में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। वायरस और बैक्टीरिया से होने वाली सांस संबंधी बीमारियों को रोकने के लिए इम्यूनिटी का स्ट्रॉन्ग होना जरूरी है।

### खांसी और सर्दी से मिलेगा आराम

खांसी और सर्दी के इलाज में गुड़ काफी अच्छा है। इसकी मिठास और गर्माहट वाले गुण गले की खराश को शांत करने और जलन को कम करने में मददगार होते हैं। गुड़ मिलाकर हर्बल चाय पीने से सर्दी के लक्षणों से राहत मिल सकती है।

### डिटॉक्सिफिकेशन में मददगार

गुड़ शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इस सफाई प्रक्रिया से फेफड़े और वायुमार्ग स्वस्थ हो सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### तीन बीवियों को छोड़ चौथी शादी रचाने पहुंचा दूल्हा, निकाह होने से पहले ही पुलिस ने दबोचा

**जौनपुर.** जौनपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवक चौथी शादी करने जा रहा था। जब इस बात की भनक तीसरी पत्नी को लगी तो उसने हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दूल्हे को हिरासत में लेकर थाने आ गई। दोनों पक्षों के बीच में पुलिस सुलह कराने की पूरी कोशिश की। ये मामला सुजानगंज क्षेत्र का है। फरजाना जिले के देवरिया बरपुर बदलापुर में अपने मायके में रह रही है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी शादी सुजानगंज के पढ़ुआ सर्वेमऊ बेलवार के असलम के बेटे शम्स आलम से मुस्लिम रिति-रिवाज से हुई थी। उसके दो बच्चे भी हैं। पति-पत्नी के विवाद का मामला न्यायालय में चल रहा है। युवक ने पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी रचाई, दूसरी पत्नी को छोड़ा फिर तीसरी शादी कर लिया। रविवार को शम्स आलम चौथी शादी करने जा रहा था। चौथी शादी की भनक जब तीसरी बीवी को लगी तो वह सुजानगंज थाने पर आ धमकी और चौथी शादी का विरोध करने लगी जिस पर पुलिस चौथी शादी करने जा रहे युवक को हिरासत में ले लिया। जहां दोनों पक्षों के परिजन देर तक थाने पर डटे रहे।

### गली में पटाखे फोड़ने पर बरेली में बवाल, चले पत्थर; भड़की भीड़ ने स्कूटी तोड़ी

**बरेली.** बरेली के माधोबाड़ी मोहल्ले में गली में पटाखे फोड़ने पर रविवार की रात बवाल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने पथराव कर दो लोगों को घायल कर दिया। उधर, मोहल्लेवालों ने युवकों को खदेड़ दिया और उनकी स्कूटी तोड़ दी। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मामले में केस दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

माधोबाड़ी में रहने वाले अनिल ने बताया कि गंगापुर के कुछ लड़के दो-तीन दिन से मोहल्ले में हंगामा कर रहे थे। रविवार देर रात गंगापुर के लड़के स्कूटी से पटाखे लेकर पहुंचे और गली में उन्हें चलाकर हंगामा करने लगे। इसी दौरान एक पटाखा मनोहर की छत पर चला गया तो उन्होंने विरोध किया। इस पर आरोपियों ने अपने साथियों को बुलाकर मोहल्ले में पथराव शुरू कर दिया, जिससे अनिल और उनके भाई सुनील घायल हो गए। यह देखकर मोहल्ले के लोग आक्रोशित हो गए और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो वे स्कूटी छोड़कर भाग निकले। गुस्साई भीड़ ने आरोपियों की स्कूटी तोड़ दी।

# मनोज जरांगे का यू-टर्न, कहा- किसी भी पार्टी का समर्थन नहीं करूंगा

**मुंबई.** मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार (4 नवंबर) को यू-टर्न लेते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में किसी भी उम्मीदवार या पार्टी का समर्थन नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अपने समर्थकों से अपना नाम वापस लेने को कहा है। आज यानी सोमवार (4 नवंबर) को नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होंगे और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

चुनावी प्रक्रिया में भाग न लेने का जरांगे का यह निर्णय उनकी पहले की रणनीति में एक उल्लेखनीय बदलाव को दर्शाता है। इससे पहले उन्होंने कुछ उम्मीदवारों का समर्थन या विरोध करने के लिए कुछ निर्वाचन क्षेत्रों को चिह्नित किया था। मनोज जरांगे ने हाल ही में महाराष्ट्र के चुनावी अखाड़े में उतरने की घोषणा की थी। लेकिन अब उन्होंने घोषणा की है कि वह इस महीने 20 नवंबर को होने वाला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

पीटीआई के मुताबिक, मनोज जरांगे ने सोमवार सुबह अंतरवाली सराठी गांव में पत्रकारों से कहा, ₹काफी विचार-विमर्श के बाद मैंने राज्य में कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है। मराठा समुदाय खुद तय करेगा कि किसे हराना है और किसे चुनना है। मैं किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल को समर्थन नहीं दे रहा और ना



ही मेरा उनसे कोई संबंध है।₹

मराठा कार्यकर्ता ने कहा कि उन पर सत्तारूढ़ 'महायुति' या विपक्षी महा विकास आघाडी (MVA) की ओर से कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा, ₹मुझ पर किसी का कोई दबाव नहीं है। मराठा हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर समुदाय स्वयं ही निर्णय लेगा कि उसे किसे समर्थन देना है।₹

उन्होंने मतदाताओं से उम्मीदवारों से लिखित या वीडियो के जरिए मराठा हितों का समर्थन करने का वचन मांगने का आग्रह किया। चुनावों पर अपने समुदाय के प्रभाव पर विश्वास व्यक्त करते हुए जरांगे ने कहा, ₹इस राज्य में मराठा समुदाय के समर्थन के बिना कोई भी निर्वाचित नहीं हो सकता।₹

उन्होंने मराठा समुदाय के लोगों से किसी भी राजनीतिक रैली में शामिल न होने और किसी भी पार्टी के बहकावे में न आने का आग्रह किया। जरांगे ने कहा, ₹जिन लोगों ने मराठा समुदाय के साथ अन्याय किया है या उसे परेशान किया है, उन्हें मतदान के माध्यम से सबक सिखाया जाना चाहिए।₹

## पुणे में पटाखा जला रहे शख्स को कार ने टक्कर मारी, मौत

**पुणे.** पुणे में हिट एंड रन का केस सामने आया है। दिवाली की रात सड़क पर पटाखे फोड़ रहे एक शख्स को कार सवार ने कुचल दिया। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि शख्स करीब 10 मीटर दूर जाकर गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बावजूद ड्राइवर ने कार नहीं रोकी। पुलिस फिलहाल जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित की पहचान 35 साल के सोहम पटेल के रूप में हुई है। सोहम दिवाली की रात सड़क पर पटाखे फोड़ रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि



उनके घर का एक बच्चा बीच सड़क पर आकर पटाखा जलाने की कोशिश करता है। यह देखकर सोहम भी सड़क पर आ जाते हैं और बच्चे को किनारे कर देते हैं। तभी एक कार तेज स्पीड से आती है और उन्हें साइड से टक्कर मारती है। सोहम कई मीटर दूर जाकर गिरते हैं। उनकी मौके पर मौत हो जाती है।

# शिंदे के आगे उद्धव-फडणवीस फेल- सर्वे

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए सभी पार्टियां एड़ी-चोटी का जोर लगाई हुई है. इस सियासी तकरार के बीच महायुति और महाविकास अघाड़ी के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर हाल ही में सी-वोटर ने सर्वे किया, जिसमें राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर किसी सरकार बनने की संभावना है, इस बारे में बताया है.

सी वोटर के सर्वे की मानें तो 51.3 फीसदी लोगों ने कहा कि वे मौजूदा बीजेपी-शिंदे सरकार से नाराज हैं और इसे बदलना चाहते



हैं. सर्वे में 41 फीसदी लोगों ने कहा कि वे सरकार से नाराज नहीं हैं और फिर से बीजेपी-शिंदे की सरकार चाहते हैं. उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खोंटा सिक्का कहा था, लेकिन सी वोटर के सर्वे में पाया गया कि सीएम के रूप में लोग सबसे अधिक शिंदे को ही चाहते हैं. सी वोटर सर्वे में जब लोगों से पूछा गया कि महाराष्ट्र में सीएम के रूप में पहली पसंद कौन हैं. इसके जवाब में 27.6 फीसदी लोगों ने कहा कि वे शिंदे के सीएम के रूप में पसंद करते हैं. इसके बाद उद्धव ठाकरे को 22. 9 फीसदी लोग सीएम देखना चाहते हैं. देवेंद्र फडणवीस को 10.8 फीसदी लोगों ने अपनी पसंद बताया है.

### 90,000 करोड़ की योजनाएं शुरू कीं

- एकनाथ शिंदे जब साल 2022 में 40 विधायकों को लेकर बीजेपी के साथ सरकार बनाने के लिए आए थे, तो किसी ने सोचा नहीं होगा कि एक दिन राज्य में एकनाथ शिंदे की चमक के आगे बड़े-बड़े महारथियों की लोकप्रियता फीकी पड़ जाएगी. शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में 90,000 करोड़ रुपये से अधिक की जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं. बताया जा रहा है कि चुनाव में इसी वजह से उनकी लोकप्रियता बढ़ी है.

# DGP रश्मि शुक्ला के तत्काल तबादले का आदेश

- राजनीतिक दलों की शिकायत के बाद कार्रवाई

**मुंबई.** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को चुनाव होने हैं। हाल ही में एक समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने अधिकारियों को न केवल निष्पक्ष रहने की चेतावनी दी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पक्षपात करते न दिखें। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सोमवार को राज्य सरकार को डीजीपी रश्मि शुक्ला को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। यह कार्रवाई कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) समेत



कई राजनीतिक दलों की शिकायतों के बाद की गई। इस बीच खबर है कि रश्मि शुक्ला की जगह विवेक फणसालकर को डीजीपी का प्रभार सौंपा गया है।

सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को रश्मि शुक्ला का प्रभार कैडर के अगले सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव को डीजीपी के पद पर नियुक्ति के लिए मंगलवार दोपहर तक तीन आईपीएस अधिकारियों का पैनल भेजने का भी निर्देश दिया गया।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। हाल ही में एक समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने अधिकारियों को न केवल निष्पक्ष रहने की चेतावनी दी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पक्षपात करते न दिखें।

### शरद पवार और उद्धव ने किया फैसले का स्वागत

तबादले के आदेश पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र की डीजीपी रश्मि शुक्ला के खिलाफ लिए गए फैसले का स्वागत करते हैं। शरद पवार ने भी इस फैसले को सही करार दिया।

### नाना पटोले ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा

इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा। पत्र में कहा गया कि चुनाव आयोग से अनुरोध है कि वह सुनिश्चित करे कि डीजीपी रश्मि शुक्ला को किसी अन्य पद पर नियुक्त न किया जाए, जिससे कानूनी ढांचे का पालन हो और संस्था में जनता का विश्वास मजबूत हो।

### दिल्ली मेयर चुनाव की तारीख का ऐलान

**नई दिल्ली.** दिल्ली नगर निगम के महापौर और उपमहापौर चुनाव 14 नवंबर को सदन की बैठक में होंगे। इस वर्ष अनुसूचित जाति (एससी) से महापौर पद आरक्षित है। इस वर्ष अप्रैल में महापौर का चुनाव निर्धारित किया गया था लेकिन पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति न होने के कारण निगम ने महापौर व उपमहापौर चुनाव को टाल दिया था। महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने हंगामे के दौरान सदन की कार्यवाही को अगली तारीख तक स्थगित कर दिया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि नवंबर में महापौर पद के चुनाव होंगे। इस चुनाव में निगम के सभी पार्षद, दिल्ली विधानसभा स्पीकर की तरफ से मनोनीत किए गए 14 विधायक, दिल्ली के सात लोकसभा सांसद और तीन राज्यसभा सांसद चुनाव में वोट डालेंगे।

# उत्तराखंड में बस हादसा 36 की मौत

- 6 घायल
- 42 लोग सवार थे
- मोड़ पर अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में गिरी

**देहरादून.** सल्ट विकासखंड के कुपी क्षेत्र में बस दुर्घनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बस में सवार 36 लोगों की मौत हो गई। तीन गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश,एक को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी तथा 15 को रामनगर उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची प्रशासन और पुलिस की टीम ने घायलों को रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बताया जा रहा है बस में 55 यात्री बैठे थे, जबकि बस की क्षमता ड्राइवर समेत 43 सवारियों



की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त कुमाऊं मंडल को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के स्वजन को चार-चार लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर स्थानीय प्रशासन एवं एसडीआरएफ की टीमें घायलों को निकालकर उपचार के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने हेतु तेजी से कार्य कर रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करने के लिए भी निर्देश दिए हैं।

### सीएम पुष्कर धामी ने जताया दुख


मुख्यमंत्री पुष्कर सिहं धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद अल्मोड़ा के मारचूला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। जिला प्रशासन को तेजी के साथ राहत एवं बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हंगामा

- PDP विधायक ने 370 हटाने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया
- भाजपा का विरोध

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को विधानसभा सत्र का पहला दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। दरअसल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) के विधायक वाहिद पारा ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। इसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया। कुछ विधायक वेल में भी पहुंच गए।

इस पर स्पीकर रहीम अब्दुल



राथर ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। मुख्यमंत्री उमार अब्दुल्ला ने कहा कि, 'सदन 370 पर कैसे चर्चा करेगा।

इसका फैसला कोई एक सदस्य नहीं लेगा। आज लाए गए प्रस्ताव का कोई महत्व नहीं है। अगर इसके पीछे कोई उद्देश्य होता, तो PDP के विधायक पहले हमसे इस पर चर्चा करते।'


अब्दुल्ला ने कहा- भाजपा से अनुच्छेद 370 को बहाल करने की उम्मीद करना मूर्खता है। हमें पता था कि 370 पर एक प्रस्ताव आने वाला है। वास्तविकता यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग केंद्र सरकार के 5 अगस्त, 2019 को लिए गए निर्णय को स्वीकार नहीं करते हैं। अगर उन्होंने इसे स्वीकार किया होता, तो आज परिणाम अलग होते।

# कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला

- भारतीय उच्चायोग चिंतित, सुरक्षा को लेकर उठाए सवाल

कनाडा के ब्रैम्पटन में खालिस्तानियों द्वारा एक हिंदू मंदिर और वहां मौजूद श्रद्धालुओं पर हमला किया गया. इस हमले का वीडियो भी सामने आया है. जिसमें खालिस्तानी हाथों में पीले झंडे लेकर मंदिर परिसर में हंगामा करते हुए दिख रहे हैं. इस दौरान कुछ खालिस्तानियों को श्रद्धालुओं पर डंडे से हमला करते हुए देखा गया.

इस हमले की कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निंदा की है. जस्टिन ट्रूडो ने धार्मिक स्वतंत्रता



के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है. एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए ट्रूडो ने लिखा, 'ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा अस्वीकार्य है. हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है.'

### कनाडा के प्रधानमंत्री क्या बोले?

पोस्ट में आगे कहा गया, 'समुदाय की सुरक्षा और इस घटना की जांच करने के लिए तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए पील क्षेत्रीय पुलिस को धन्यवाद.' वहीं अन्य राजनेताओं ने भी हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें विपक्षी नेता पियरे पोलिएवर, टोरंटो के सांसद केविन वुओंग और सांसद आर्य शामिल हैं. टोरंटो के सांसद ने कहा, 'हमारे देश के नेता हिंदुओं की रक्षा करने में विफल रहे हैं.'

### विपक्षी नेता ने सरकार को घेरा

ट्रूडो के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पोलिएवर ने आश्वासन दिया कि वह कनाडा में अराजकता के माहौल को समाप्त कर देंगे. एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'आज ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं को निशाना बनाकर की गई हिंसा को देखना पूरी तरह से अस्वीकार्य है.' उन्होंने कहा, 'सभी कनाडाई लोगों को शांतिपूर्वक अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए. रूढ़िवादी इस हिंसा की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं. मैं अपने लोगों को एकजुट करूंगा और अराजकता को समाप्त करूंगा.'

# टीम इंडिया को सेल्फ रिव्यू की जरूरत : सचिन

- न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज हारा भारत
- पठान ने कहा- घर में शर्मनाक प्रदर्शन

मुंबई में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 25 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप कर इतिहास रच दिया। भारत को आखिरी पारी में जीत के लिए 147 रनों का लक्ष्य मिला था। रोहित शर्मा की टीम 121 रनों पर ही ऑलआउट हो गई।

न्यूजीलैंड ने मुंबई टेस्ट की पहली पारी में 235 रन बनाए थे। वहीं दूसरी पारी में 174 रन बनाए। भारत ने इसके जवाब में पहली पारी में 263 रन बनाए। वहीं दूसरी पारी में 121 रनों के स्कोर पर



पूरी टीम ऑल आउट हो गई।

इस हार के बाद सचिन तेंदुलकर ने भारतीय टीम को इसके लिए सेल्फ रिव्यू की सलाह दी है।

भारत में 3-0 से जीतना किसी भी विदेशी टीम के लिए अच्छा परिणाम- सचिन

मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मैच के बाद ट्वीट किया, घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है, और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या मैच से पहले अभ्यास की कमी थी?

शुभमन गिल ने पहली पारी में लचीलापन दिखाया और ऋषभ पंत दोनों पारियों में शानदार खेले। भारत में 3-0 से टेस्ट सीरीज जीतना किसी भी विदेशी टीम के लिए सबसे अच्छा परिणाम है।

### कीवी टीम ने भारत को हर डिपार्टमेंट में हराया- वसीम जाफर

पूर्व भारतीय बैटर वसीम जाफर ने कहा, न्यूजीलैंड की इस उपलब्धि के लिए जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। न्यूजीलैंड क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा पल। कीवी टीम ने भारत को हर डिपार्टमेंट में हराया और जीत हासिल की। वे सभी प्रशंसा और सम्मान के हकदार हैं।

# दिल्ली में AQI-400 पार

- सांस संबंधी मरीज 35% बढ़े
- 6 दिन तक प्रदूषण कम होने के आसार नहीं

**नई दिल्ली.** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन दिल्ली की हवा गंभीर कैटेगिरी में दर्ज की गई है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के अनुसार सोमवार सुबह 7 बजे दिल्ली के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों में AQI 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। CPCB ने कहा सोमवार सुबह दिल्ली के 5 मॉनिटरिंग स्टेशन में AQI 400 पार था। वहीं, रविवार को 8 इलाकों में AQI 'गंभीर' स्तर के आंकड़े को पार कर गया था। प्रदूषण में बढ़ोतरी होते ही दिल्ली के अस्पतालों में खांसी, जुकाम, बुखार, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रॉनिक ऑबस्ट्रेक्टिव पल्मोनरी डिजीज (CPOD) जैसी सास संबंधी बीमारियों के मरीज 35% बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा- पाकिस्तान की ओर से हवाएं भारत की ओर आ रही हैं। ऐसे में संभावना है कि दिल्ली-NCR में 6 दिन और AQI इसी कैटेगिरी के आसपास बना रहेगा।

उधर, CM आतिशी ने कहा कि प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार एक हफ्ते में 10 हजार सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की नियुक्ति का प्रस्ताव जारी करेगी। ये वॉलंटियर्स प्रदूषण पर काबू करने की प्लानिंग पर काम करेंगे।

## मां बनाती रही गंगा में नहाने का रील, डूबकर मर गई पांच साल की बच्ची

**गाजीपुर.** गाजीपुर के सैदपुर में नगर स्थित पक्का घाट पर सोमवार सुबह ननिहाल में आई पांच वर्षीय मासूम की मां के सामने ही गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। डूबती हुई बच्ची को ना देख मां मोबाइल से रील बना रही थी। इसमें बच्ची के डूबने का वीडियो भी रिकॉर्ड हुआ है। स्थानीय गोताखोर की मदद से दो घंटे बाद बच्ची का शव बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर, शव परिजनों को सौंप दिया है। वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र के उमरहा गांव निवासी संदीप पाण्डेय की पत्नी अंकिता पाण्डेय अपने पांच वर्षीय इकलौती बेटी तान्या के साथ छठ पूजा के लिए मायके सैदपुर क्षेत्र के बौरवां गांव अपने पिता कपिल मिश्रा के घर आई थी। सोमवार को छठ पूजा को लेकर गंगा स्नान करने अंकिता अपनी पांच वर्षीय बेटी के साथ मां लक्ष्मीना, बहन व अन्य परिजनों के साथ सैदपुर नगर स्थित पक्का घाट पर आई थी।

### आम सूचना

मैं मोहम्मद इरशाद सभी को सूचित कर रहा हूं कि चाल नं. 7, रुम नं. 12, आकाश कालोनी, बैरक नं. 2077, सेक्शन 36, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 55डीओ013361400) उक्त प्रॉपर्टी श्री लक्ष्मण हनमंतराव पाटील के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 24.10.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मोहम्मद इरशाद**

### आम सूचना

मैं श्रीमती ज्योति नंदलाल मनवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 8, बैरक नं. 456, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016666700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती प्रिया हरेश काका अल्यास कुमार स्वीटी नंदलाल मनवानी और अन्य दो जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 4.11.2024 सी.नं. एके 898/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती ज्योति नंदलाल मनवाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती अर्चना संतोष साठे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 1256 के पास, शिव कॉलोनी, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीओ0009854600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती प्रतिभा विठोबा शेदे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 29.10.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती अर्चना संतोष साठे**

### आम सूचना

मैं किरण गणपत हराड सभी को सूचित कर रहा हूं कि समाधान हाऊस, ब्लॉक नं. ए-454 के पास, लालचक्की के पीछे, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ008981800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती शीतल प्रभाकर बोराडे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.10.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**किरण गणपत हराड**

## संक्षेप...

### मां को चाकू मारकर किया घायल

**मुंबई।** भयंदर पुलिस ने एक 30 वर्षीय व्यक्ति को अपनी मां पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह हमला संपत्ति विवाद के चलते हुआ है। पुलिस के मुताबिक घटना भयंदर (पश्चिम) के शास्त्री नगर इलाके की है। महिला की पहचान कमला चंदूभाई दंतनई (52) के रूप में हुई है। वह 2021 में अपने पति के निधन के बाद अकेली रहती है और आजीविका के लिए एक मंदिर के पास फूल बेचती है। उसके दो बेटे और एक बेटी है- सभी शादीशुदा हैं और अलग-अलग रह रहे हैं।

# देवेंद्र फडणवीस की जान को खतरा!

■ चुनाव के बीच अचानक बढ़ा दी गई सुरक्षा



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य पुलिस ने एहतियात के तौर पर 'फोर्स वन' के पूर्व कर्मियों को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सुरक्षा में तैनात किया गया है। देवेंद्र फडणवीस को फिलहाल 'जेड प्लस' सुरक्षा मिली हुई है, जिसका जिम्मा महाराष्ट्र पुलिस की विशेष सुरक्षा इकाई (एसपीयू) संभाल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सुरक्षा में हथियारों के साथ नागपुर पुलिस की 'फोर्स वन' टीम के जवानों को तैनात किया गया है। ये जवान अब हथियारों के साथ साए की तरह देवेंद्र फडणवीस की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। बताया जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस के घर में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनके आवास के मेन गेट पर भी 'फोर्स वन' टीम के जवान हथियारों के साथ तैनात कर दिए गए है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खुफिया एजेंसी की टीम ने बीजेपी के बड़े नेताओं पर खतरा की जानकारी दी थी। जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि "एहतियाती उपाय के तौर पर और किसी भी संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए, हमने उपमुख्यमंत्री फडणवीस की सुरक्षा में लगे कर्मियों को बदल दिया है। जिन कर्मियों ने 'फोर्स वन' में सेवा दी थी और अब एसपीयू से जुड़े हुए हैं, उन्हें देवेंद्र फडणवीस की सुरक्षा में तैनात किया गया है।"

अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ बीजेपी नेता को कोई बड़ा खतरा नहीं है और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाया जाना इसकी समीक्षा के आधार पर एहतियाती उपाय मात्र है। राज्य की 288-सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 20 नवंबर को होना है, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। बता दें कि 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। जिसके बाद बड़े नेताओं की जान को खतरे का अंदेशा जताया गया था।

# BJP के बागी प्रत्याशी गोपाल शेट्टी ने नामांकन वापस लिया



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नामांकन वापसी के आखिरी दिन भाजपा के बागी और पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने निर्दलीय चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। सोमवार सुबह बोरीवली सीट उन्होंने नामाकंन वापस ले लिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा के जनरल सेक्रेटरी विनोद तावड़े से मीटिंग के बाद शेट्टी ने नामांकन वापसी का फैसला लिया है। शेट्टी ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से भी चर्चा की थी। दरअसल, भाजपा ने बोरीवली सीट से संजय उपाध्याय को टिकट दिया था, जिससे नाराज होकर 29 अक्टूबर को नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने नॉमिनेशन किया था। उन्होंने कहा था कि मैंने यह फैसला टिकट की चाहत में नहीं, बल्कि स्थानीय कार्यकर्ताओं की चिंता को लेकर लिया है। कार्यकर्ताओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा था। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने रविवार को शेट्टी के साथ बैठक की और उन्हें अपना नामांकन वापस लेने के लिए राजी किया। सोमवार को शेट्टी ने पत्रकारों से कहा, 'मैं आज अपना नामांकन वापस ले रहा हूं। मेरी आपत्ति भाजपा की कार्यशैली को लेकर थी, जहां मेरे जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं से परामर्श किए बिना ही फैसले लिए जाते हैं। पार्टी लगातार विधानसभा चुनावों के लिए बाहर से उम्मीदवार उतार रही थी और यह माना जा रहा था कि यह सब मुझसे परामर्श के बाद किया जा रहा है।'

# पानी की टंकी में गिरने से 8 साल के बच्चे की मौत



**नवी मुंबई.** वाशी सेक्टर 15 में महानगरपालिका पार्क में पानी की टंकी में गिरने से एक आठ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इस मामले में अभी तक किसी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस कार्यालय घटना को दर्ज करने में जुटा है. शनिवार को दिवाली होने के कारण पार्क बच्चों से खचाखच भरे थे।

वाशी सेक्टर 14 में पालवे उद्यान में भी बच्चों की भीड़ थी। लेकिन रात करीब साढ़े नौ बजे इस भीड़ से एक आठ साल का लड़का अचानक गायब हो गया. उसने बहुत ढूंढा लेकिन वह नहीं मिला। कुछ शंका होने पर पार्क में भूमिगत पानी की टंकी का ढक्कन खुला हुआ देखा तो टंकी का निरीक्षण करते समय बालक मिला। उसे बाहर निकालकर पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनके पेट का पानी निकाल दिया गया, लेकिन वहां कोई गहन चिकित्सा इकाई नहीं होने के कारण उन्हें नगर निगम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह जानकारी पूर्व स्थानीय पार्षद प्रकाश मोरे ने दी. उक्त जानकारी की पुष्टि वाशी पुलिस ने की है। वाशी पुलिस ने यह भी कहा कि नाम ज्ञात नहीं है क्योंकि घटना अभी तक दर्ज नहीं की गई है।

### उपवन तालाब के सामने खड़ी कार में लगी आग



**ठाणे.** शहर में स्थित उपवन तालाब के सामने खड़ी कार में अचानक आग लगने की घटना रविवार रात साढ़े ग्यारह बजे की है।अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी घटना स्थल पर पहुचकर आग को बुझाने में कामयाब हुए।इस घटना में किसी के जानमाल की हानी नही हुई।रविवार रात साढ़े ग्यारह के आस-पास मनपा आपत्ती व्यवस्थापन कक्ष में फोन पर मिली जानकारी की उपवन तालाब के सामने सड़क पर खड़ी ऐश्वर्या पुनेकर की हुंडई आय-20 को अचानक आग लगने से कार जलकर खाक हो गई।

# 4 साल की बच्ची सिक्योरिटी गार्ड ने किया का यौन उत्पीड़न

**उल्हासनगर.** बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करने वाले 17 साल के आरोपी ने 4 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। यह घटना उल्हासनगर शहर के दशहरा मैदान इलाके की एक इमारत में हुई। इस मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया है.

पुलिस के अनुसार, पीड़िता नेपाल की मूल निवासी है और उल्हासनगर शहर में सेंट्रल पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर एक इमारत में अपने माता-पिता के साथ रहती है। पीड़िता के पिता उसी बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करते हैं. जबकि नाबालिग आरोपी भी दिन में उसी बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है. इसके अलावा, वह शहर में घूम-घूमकर गुब्बारे भी बेचता है और राजस्थान राज्य का मूल निवासी है। शनिवार को आरोपी रोजाना की तरह काम पर आया। उस वक्त बच्ची के माता-पिता



काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे, इसलिए आरोपी को पता था कि बच्ची घर में अकेली है. जब लड़की घर में अकेली थी तो आरोपी ने लड़की के घर में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच, पड़ोसी घर के लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने बंद दरवाजा खोला और लड़की को रोते हुए पाया। बिल्डिंग के लोगों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. जब पीड़ित लड़की की सेंट्रल अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई तो रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया है.

### पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया

POCSO एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है. लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि चूंकि पीड़ित लड़की का परिवार नेपाल से है और इस क्षेत्र से अपरिचित है, इसलिए हमने उन्हें न्याय का आश्वासन दिया है।

### उल्हासनगर में पहली बार पुलिस पाटिलों के साथ मनाई दिवाली

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में पहली बार पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीण पुलिस के साथ वरिष्ठ नागरिकों और पुलिस मित्रों ने दिवाली मनाई गई. इसके लिए हिललाइन ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप ने पहल की है और पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन से पुलिस पाटिलों को सम्मान का एहसास हुआ है.

हिललाइन पुलिस स्टेशन की सीमा में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ बड़े ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल हैं। 29 तारीख को पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप ने इस क्षेत्र में पुलिस पाटिलों, वरिष्ठ नागरिकों और पुलिस मित्रों के लिए पहला दिवाली फराला कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 13 पुलिस पाटिल, वरिष्ठ नागरिक, पुलिस मित्र आदि 55 से 60 नागरिक उपस्थित थे. इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने पुलिस पाटिल अधिनियम के बारे में जानकारी दी और विधानसभा चुनाव होने के कारण पुलिस पाटिलों से आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखने के लिए सतर्क रहने की अपील की. साथ ही ठाणे पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे के आदेश पर पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए एक कमरा खोला गया है.

# सिविल अस्पताल में अनोखे अंदाज में मना भाऊबीज

■ मरीजों से हाथ मिलाकर खिलाई मिठाई

▸▸उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** जिला में स्थित सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीजों को त्यौहार मनाने के लिए नही मिला मौका।दीपावली पर्व को लेकर मरीजों में मायूसी था।मरीजों की इस मायूसी को लेकर अस्पताल में कार्यरत परिचारिका पुरूष मरीजों के साथ में भाऊबीज त्यौहार मनाकर दीपावली पर्व के जैसा सिविल अस्पताल में माहौल दिखाई दिया।हिंदू धर्म में सबसे बड़ा त्यौहार दीपावली पर्व की मान्यता है।इसलिए मरीजों में उत्साह के लिए यह छोटा कार्यक्रम किया गया।सिविल अस्पताल के जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े के मार्गदर्शन में पुरूष मरीजों को डॉ. अर्चना पवार व अस्पताल की परिचारिका दिप व मिठाई खिलाकर मनाया गया भाऊबीज त्यौहार।इस अवसर पर सर्जन डॉ. निशिकांत रोकडे, डॉ. विलास सालवे, डॉ. श्रीजित शिंदे, डॉ. सुषमा कांबले सहित अस्पताल की परिचारिका आदि उपस्थित रही।डॉ कैलाश पवार ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को अच्छे दर्जे का उपचार मिले इसके लिए सदैव तत्पर रहता हूं ताकि मरीजों के भीतर उत्साह का वातावरण रहे और वह हसते हुए दिखाई दे।दीपावली पर्व पर उपचार के लिए भर्ती मरीजों को आनंदित करने के लिए यह छोटा सा कार्यक्रम किया गया।इससे मरीजों के भीतर उत्साह देखने को मिला।

अस्पताल में उपचार के लिए पिछले चार पांच दिन से भर्ती मरीज अर्जुन निंबालकर ने अस्पताल के चिकित्सक और परिचारिका का मरीजों के साथ में त्यौहार मनाने के

**स्व. हसन फारूकी के व्यक्तित्व और कारगुज़ारियों पर आधारित**

# पुस्तक चरागे रहगुज़र का विमोचन




**भिवंडी.** प्रख्यात साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था बज़्मे याराने अदब द्वारा प्रसिद्ध बुद्धिजीवी, शिक्षाविद एवं जम्हूर हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज,मालेगांव के पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय मुहम्मद हसन फ़ारूक़ी के व्यक्तित्व और कारगुजारियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन जी एम मोमिन वीमेंस कॉलेज,आडीटोरियम में सलीम रहमतुल्लाह अंसारी एवं अतिथियों के हाथों सम्पन्न हुआ.समारोह के अध्यक्षता बीएनएन कॉलेज के पूर्व उप प्राचार्य डॉ.अबदुल रऊफ मोमिन ने की. उन्होंने अध्यक्षीय भाषण में स्वर्गीय हसन फारूकी के जीवन और गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, फारूकी शिक्षाविद होने के साथ बहुत अच्छे वॉलीबॉल खिलाड़ी भी थे.उक्त अवसर पर रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी के प्रधानाचार्य जिया उर रहमान अंसारी ने अपने भाषण में फारूकी साहब के शिक्षा से संबंधित बारीक बीनियों का विस्तृत वर्णन किया. उद्घाटन भाषण में मोहम्मद रफी अंसारी ने अपने अनोखे अंदाज में फारूकी सर की खूबियों का जिक्र किया. मालेगांव के मुफ्ती मसूद अख्तर कासमी भी शामिल हुए और अपने विचार व्यक्त किये.डॉ. गुलाम नबी मोमिन, पूर्व उर्दू ऑफिसर बाल भारती पुणे ने फारूकी सर से अपने पुराने रिश्ते और सहयोगात्मक कार्यों का बखान किया.कोकन मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष अल्माज फ़क़ीह ने मुहम्मद हसन फ़ारूक़ी और केएमई सोसाइटी के बीच संबंधों का उल्लेख किया.समदिया हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य बिलाल अहमद मोमिन ने मेहमानों का स्वागत किया गया

हसन फारूकी परिवार द्वारा चरागे रहगुज़र में लेख लिखने वाले कलम कारों को भी सम्मानित किया गया.विमोचन समारोह के आयोजन में बज़्मे याराने अदब संस्था के संरक्षक हाजी सईद अहमद अंसारी,सचिव अब्दुल जलील अंसारी,सह सचिव एडवोकेट सलीम यूसुफ शेख के अलावा अन्य सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई.

### आम सूचना

हम श्री मनिष राजू झुरानी (50 प्रतिशत शेयर) व श्रीमती सीया राहुल बजाज सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 305-ए, तीसरा माला, पाली हिल अपार्टमेंट, रुम नं. 197 व 198, ब्लाक नं. ए-33, रुम नं. 199-200, न्यू ब्लाक ए-34, गोल मैदान, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12एआय015373200) उक्त प्रॉपर्टी श्री भागचंद एन. गाबरा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.3.2022 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।


सही/-
**श्री मनिष राजू झुरानी व श्रीमती सीया राहुल बजाज**

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
& For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# शाहरुख खान ने छोड़ी स्मोकिंग

### पी जाते थे दिन की 100 सिगरेट, बोले- अभी भी सांस

**बॉ**लीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान ने 2 नवंबर को अपना 59वां जन्मदिन मनाया। शाहरुख खान का जन्मदिन उनके फैंस के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होता है। शाहरुख के फैंस बर्थडे पर उनकी एक झलक पाने के लिए मन्नत के बाहर खड़े होते थे। हालांकि, इस बार सुरक्षा कारणों से मन्नत के बाहर फैंस का जमावड़ा नहीं दिखाई पड़ा। शाहरुख ने अपने फैंस से एक इवेंट में मुलाकात की। इस इवेंट में ऐलान किया कि उन्होंने स्मोकिंग छोड़ दी है।



शाहरुख खान के फैन पेज ने किंग खान की एक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में शाहरुख खान अपने फैंस को बताते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने सिगरेट पीना छोड़ दिया है। शाहरुख का जो वीडियो क्लिप सामने आया है उसमें शाहरुख खान कहते हैं, एक और अच्छी चीज है, मैं अब स्मोकिंग नहीं कर रहा हूं।

### स्मोकिंग छोड़ने के बाद भी फूल रही सांस

शाहरुख खान फिर कहते हैं कि उन्हें लगा था कि स्मोकिंग छोड़ने के बाद उनकी सांस नहीं फूलेगी, लेकिन वो अभी भी ऐसा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "इंशाअल्लाह ये भी ठीक हो जाएगा।" बता दें, शाहरुख खान ने साल 2011 में इंडिया टुडे को एक इंटरव्यू में बताया था कि वो दिन में 100 सिगरेट तक पी जाते थे।

### महिला डॉक्टर से यौन शोषण, वसूले 1 करोड़!

**मुंबई.** एक महिला डॉक्टर के साथ यौन उत्पीड़न और धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है. जांच में पता चला है कि उसके ही शादीशुदा प्रेमी ने बदनामी का डर दिखाकर उससे अब तक 1 करोड़ रुपये ऐंठ लिए हैं. इस मामले में एमआईडीसी पुलिस ने अवाज तजीम अहमद की प्रेमिका के खिलाफ धोखाधड़ी और यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

शिकायतकर्ता महिला कुर्ला में रहती है और पेशे से डॉक्टर है. दो साल पहले सोशल मीडिया के जरिए उसकी अवाज से दोस्ती हुई। दोस्ती के बाद उसने उसे शादी के लिए प्रपोज किया था। वह जानता था कि वह शादीशुदा है और उसकी एक बेटी है। उसने उससे शादी के बाद दोनों का ख्याल रखने का वादा किया था। शादी का झांसा देकर उसने अंधेरी में एयरपोर्ट के पास एक होटल में कई बार उसका यौन शोषण किया। कुछ महीनों तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन वह उससे पैसे की मांग करता रहा। वह उससे कह रहा था कि वह उधार लिये गये पैसे लौटा देगा; लेकिन उसने कभी उसके पैसे नहीं लौटाए। इसलिए उसने उसे भुगतान करना बंद कर दिया। इसी बात को लेकर उनके बीच झगड़े होने लगे और वह उसे पीटने लगा। इसके बाद वह उनके रिश्ते की जानकारी रिश्तेदारों और दोस्तों को देने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। इस धमकी के बाद उसने उससे एक करोड़ रुपये ऐंठ लिये थे. इस बीच, उसे एहसास हुआ कि अवाइज़ शादीशुदा है और उसने उसका इस्तेमाल केवल यौन संतुष्टि के लिए किया था।

THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD. ESTD : 1985
نوجیون کو آپریٹو بنک لمیٹیڈ
NAV JEEVAN CO-OP. BANK
Head Office:
Bhawani Saw Mills Compound,
Ulhasnagar-3.
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com
SERVICES AVAILABLE
Features and Services of Bank
■ Different types of Deposits Schemes with Attractive Deposits Rates.
■ All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
■ 24x7 NEFT/RTGS Services.
■ Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
■ Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
■ Insurance Service through corporate Partners
Upcoming Service
Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099